# Class Notes

| Class: आठवीं | Topic: कार्यपत्रक II |
|---|---|
| Subject: हिन्दी | |

**प्रश्न 1 - सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(क) हमें कभी भी किससे उसकी जाति नहीं पूछनी चाहिए ?

[i] तलवार से [ii] साधु-संतों से [iii] म्यान से [iv] ज्ञान से

(ख) दिखावा करने वाले का मन -

[i] स्थिर होता है [ii] कर में फिरता है [iii] सुमिरन करता है [iv] दसों दिशाओं में भटकता है

(ग) 'आपा' का क्या अर्थ है ?

[i] स्वयं [ii] उत्साह [iii] आप [iv] अहंकार

(घ) अपशब्द कब तक एक ही रहता है ?

[i] जब तक आता नहीं [ii] यदि सुनकर भी प्रत्युत्तर नहीं दिया जाता [iii] दोनों सही [iv] दोनों गलत

(ड.) घास किसका प्रतीक है ?

[i] हरियाली का [ii] शक्ति का [iii] गरीब और लाचार व्यक्ति का [iv] इनमें से कोई नहीं

(च) सुदामा किसकी सुंदरता को देखकर चकित थे ?

[i] धरती की [ii] आकाश की [iii] नदी की [iv] पहाड़ की

(छ) 'वैसोई राज-समाज बने' में वैसोई से तात्पर्य है–

[i] अयोध्या जैसा [ii] मथुरा जैसा [iii] वृंदावन जैसा [iv] द्वारिका जैसा

(ज) कृष्ण जी ने सुदामा के पैर कैसे धोए ?

[i] गर्म पानी से [ii] साबुन-पानी से [iii] रगड़-रगड़कर [iv] आँसुओं से

(झ) 'तुम काहे न देत' में तुम किसके लिए प्रयोग किया गया है ?

[i] सुदामा के लिए [ii] श्रीकृष्ण के लिए [iii] द्वारपाल के लिए [iv] नौकर के लिए

(ञ) 'वह पुलकनि, वह उठि मिलनि' यहाँ किसके आनंदित होने की बात की गई है ?

[i] सुदामा के [ii] श्रीकृष्ण के [iii] द्वारपाल के [iv] इनमें से कोई नहीं

(ट) 'सुदामा-चरित' कविता के रचयिता कौन हैं ?

[i] कबीर दास [ii] नरोत्तम दास [iii] तुलसीदास [iv] सूरदास

(ठ) साइकिल किस चीज का प्रतीक बनी ?

[i] ग्रामीण महिलाओं की आजादी का [ii] गतिशीलता को अभिव्यक्त करने का

[iii] i एवं ii दोनों सही [iv] सभी गलत

(ड) साइकिल चलाने वाली अधिकांश महिलाएँ किस श्रेणी की है ?

[i] नवसाक्षर [ii] शिक्षित [iii] अशिक्षित [iv] निरक्षर

(ढ) निम्नलिखित में से कौन 'महिला' का पर्यायवाची शब्द नहीं है ?

[i] सलिल [ii] स्त्री [iii] औरत [iv] नारी

(ण) लाला झाऊलाल का मकान कहाँ था ?

[i] आगरा में [ii] काशी में [iii] मथुरा में [iv] द्वारिका में

(त) किसने मुँह खोलकर पैसे माँगे थे ?

[i] मित्र ने [ii] पड़ोसी ने [iii] पत्नी ने [iv] नौकर ने

(थ) 'पृथ्वी की आकर्षण शक्ति' की खोज किसने की ?

[i] लाला झाऊलाल ने [ii] लेखक ने [iii] न्यूटन ने [iv] पं. बिलवासी ने

(द) लोटे का संबंध म्यूजियम के साथ क्यों जोड़ा गया है ?

[i] लोटे की महत्ता बढ़ाने के लिए [ii] अंग्रेज़ को प्रभावित करने के लिए

[iii] लोटे की अच्छी कीमत वसूलने के लिए [iv] सभी कथन सही

(ध) चोटी बढ़ाने के लिए माता यशोदा ने क्या उपाय बताया था ?

[i] दूध पीने का [ii] मक्खन खाने का [iii] रोटी खाने का [iv] फल खाने का

(न) 'नागिन-सी भुइँ लोटी' में कौन-सा अलंकार है ?

[i] अनुप्रास [ii] यमक [iii] उपमा [iv] रूपक

(प) 'ढोटा' का क्या अर्थ है ?

[i] बेटा [ii] मित्र [iii] पड़ोसी [iv] प्यारा

(फ) श्रीकृष्ण ने ऊँचे छींके पर रखे दूध-दही को कैसे नीचे उतारा ?

[i] लंबे मित्र की मदद लेकर [ii] लंबी लकड़ी का प्रयोग करके [iii] ओखली पर चढ़कर [iv] सभी गलत

(ब) क्रोध और घृणा से किसका शरीर काँप उठा ?

[i] लेखक का [ii] ओस की बूँद का [iii] मछली का [iv] नदी का

(भ) नदी तट पर ऊँची मीनार से किस रंग की हवा निकल रही थी ?

[i] भूरे रंग की [ii] काली-काली [iii] बैंगनी [iv] नीली

(म) हमारी पृथ्वी प्रारंभ में किस रूप में थी ?

[i] जंगल से भरी [ii] नदियों से भरी [iii] आग का एक बड़ा गोला [iv] चट्टानों से भरी हुई

(य) वह कौन-सा जीव था, जो ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो कोई लालटेन लिए घूम रहा था ?

[i] घोंघा [ii] कछुआ [iii] मगरमच्छ [iv] मछली

(र) बाज के किस हिस्से में घावों के निशान थे ?

[i] सिर पर [ii] पंजों पर [iii] छाती पर [iv] आँखों पर

(ल) 'मिट्टी में मिल जाना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

[i] पूरी तरह से नष्ट होना [ii] बीज के रूप में तैयार होना

[iii] पूरी तरह से गायब होना [iv] कहीं छिपा होना

(व) दूध के समान झाग क्यों उत्पन्न हो रहा था ?

[i] सागर की लहरों के टकराने के कारण [ii] चट्टान और लहरों के टकराने के कारण

[iii] समुद्र में तूफ़ान आने के कारण [iv] नदी और सागर के मिलन के कारण

**प्रश्न 2 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -**

(क) कर्तृवाच्य के वाक्य को अकर्तृवाच्य में बदलिए:

[i] हम लोग यहाँ पर सोते हैं | [ii] वे लोग फिल्म नहीं देख रहे |

(ख) रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए :

[i] <u>बच्चा</u> बहुत बीमार है | [ii] बाहर <u>कौन</u> खड़ा है ? [iii] मेरा <u>बड़ा</u> बेटा लंदन जा रहा है |

[iv] वह क्रिकेट <u>खेल रहा है</u> | [v] बच्चा मेरे पास <u>दौड़कर</u> आया | [vi] नदी <u>के पार</u> जंगल है |

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य तथा विधेय छाँटिए :

[i] बच्चे छत पर पतंग उड़ा रहे हैं | [ii] सभी लड़कियाँ कक्षा में अध्ययन कर रही हैं |

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में 'प्रधान उपवाक्य' तथा 'आश्रित उपवाक्य' अलग-अलग कीजिए :

[i] वह किताब जिसे आपने दिया था, फट गई | [ii] मैं चाहता हूँ कि देश तरक्की करे |

(ड.) अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद बताइए :

[i] धोबी ने कपड़े नहीं धोए | [ii] तुम कहाँ रहती हो ? [iii] अरे! तुम कब आए ? [iv] इधर आओ |

(च) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

[i] दौड़ती हुई लड़की आई यहाँ | [ii] लड़का आम खाते हैं | [iii] चोर के द्वारा कलम चुराया है |
[iv] हम खाना खा लिए हैं | [v] मुझमें तेज़ बुखार है | [vi] मेरे पास केवल 100 रु. मात्र हैं |

(छ) निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है :

[i] तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए [ii] काली घटा का घमंड घटा
[iii] मगन को देखि पट देति बार-बार है | [iv] पायो जी मैंने राम रतन धन पायो
[v] सिर फट गया उसका वहीँ, मानो अरुण रंग का घड़ा
[vi] देख लो साकेत नगरी है यही |
स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही ||

(ज) सही जोड़ी बनाए :

| वर्ग-I | वर्ग-II |
|---|---|
| [i] चरित-चरित्र | [अ]तालिका-पवित्र |
| [ii] नीहार-निहार | [ब] जीवन कथा-आचरण |
| [iii] सूची-शुचि | [स] मुख-शरीर |
| [iv] वदन-बदन | [द]ओस-देखना |

(झ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए :

[i] जो आँखों के सामने न हो [ii] शत्रुओं को नष्ट करने वाला [ii] जिसमें सहनशक्ति हो
[iv] जो विकारों से रहित हो [v] जो श्रम से प्राप्त होता हो [vi] जो दूसरों पर आश्रित रहता हो

**प्रश्न 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है |" विचार प्रकट कीजिए |

(ख) लेखक को ओस की बूँद कहाँ मिली ?

(ग) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ?

(घ) 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं ?

(ड.) कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है ?

(च) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे ?

**प्रश्न 4 विज्ञापन तैयार कीजिए :**

(क) 'हिमालय' मिनरल वाटर की बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

(ख) एक योग प्रशिक्षण केंद्र खोलने के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए |

**प्रश्न 5 संक्षिप्त उत्तर दीजिए :**

(क) बाबर कौन था ?

(ख) भारत छोड़ो आंदोलन का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

(ग) आर्य समाज के आन्दोलन का क्या नारा था ?